कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या
33 एमएलडी एस.टी.पी. परिसर, माझा जमथरा, अयोध्या
Email Id: eeupjn_cdfaizabad@yahoo.co.in

निरीक्षण आख्या

मा0 विधायक, विधानसभा क्षेत्र–गोशाईगंज श्री अभय सिंह द्वारा दिनांक 23.04.2025 में किये गये निरीक्षण की आख्यां

दिनांक 23.04.2025 को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विकासखण्ड– मया बाजार में पाइप पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय इं0 अरविन्द यादव, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), इं0 आलोक कुमार मिश्रा, सहा0अभि0, इं0 सुजय पाल, जूनि0इंजी0 तथा श्री संतोष ओझा, प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स वी0एस0ए0आई0पी0पी0एल0–एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद उपस्थित थे।

आलापुर पेयजल योजना, विकासखण्ड– मया :–

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत 9.25 किमी0 पाइप लाइन के सापेक्ष 10.40 किमी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य, 597 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 359 नग गृह जल संयोजन, शिरोपरि जलाशय, पम्पहाउस, सोलर अधिष्ठापन, बाउण्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में योजना से समुचित जलापूर्ति की जा रही है। ग्राम सुक्खापुर में कुछ स्थानों पर गृह जल संयोजन पाइप खुले में पायी गई जिसे मा0 विधायक जी द्वारा उचित ढंग से व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए।

मा0 विधायक जी द्वारा ग्रामवासियों से पानी का अपव्यय न करने, जल संचय करने का अनुरोध किया गया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अवशेष कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए जिससे योजना का लाभ आम जनमानस को प्राप्त होता रहे।





(अरविन्द यादव)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 1164 / एम–24 / 11 दिनांक 26.04.2025

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. श्री अभय सिंह, मा0 विधायक, विधानसभा क्षेत्र– गोशाईगंज, अयोध्या को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
4. जिलाधिकारी, अयोध्या।
5. मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या।
6. इं0 आलोक कुमार मिश्रा, सहा0अभि0/इं0 सुजय पाल, जूनि0इंजी0।
7. मेसर्स वी0एस0ए0आई0पी0पी0एल0–एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद।

26/04/25
अधिशासी अभियन्ता